दहेजलोभी ससुरालवालों ने अंकिता की अर्थी निकाल दी

बलिया (आससे)। थाना क्षेत्र के बड़ी बलिया दक्षिणी वार्ड संख्या-१ में प्रेम विवाह करने वाली २५ वर्षीय विवाहिता अंकिता कुमारी की संदिग्ध परिस्थितियों में




विगत १६ अक्टूबर को मौत हो गयी. उसका शव ससुराल में फंदे से लटका मिला था। मृतका की मां द्रौपती देवी का आरोप है कि बेटी को धर्म परिवर्तन और दहेज के लिये ससुराल वालों के द्वारा प्रताड़ित किया जाता था। मौत से पहले अंकिता ने फोन कर अपनी मां से उसे ससुराल से ले जाने की गुहार लगाई थी। मृतका की मां मुंगेर जिले के कासिम बाजार थाना क्षेत्र के बड़ी मिर्जापुर निवासी द्रोपदी देवी ने बताया है कि अंकिता ने वर्ष २०२१ में बड़ी बलिया दक्षिण निवासी मो आरजू से प्रेम विवाह किया था. शादी के बाद वह ससुराल में रहने लगी थी। दो साल बाद बेटी के जन्म के बाद से ही कथित तौर पर उसके साथ मारपीट और प्रताड़ना की जाने लगी। द्रौपती देवी ने बताया है कि १६ अक्टूबर की रात करीब ११ बजे अंकिता ने रोते हुये फोन किया और बताया कि उसके साथ फिर मारपीट की गयी है। उसने मां से कहा कि उसे वहां से ले चलें, अन्यथा ससुराल वाले उसे मार डालेंगे। मां ने अगली सुबह उसे ले जाने का भरोसा दिया था। लेकिन रात करीब दो बजे पति आरजू ने फोन कर अंकिता की मौत की सूचना दी थी। इस संबंध में केस के अनुशंधानकर्ता पुलिस अधिकारी सेन्दु कुमार ने बताया कि मामले की गहन जांच की जा रही है। नामजद आरोपितों की गिरफ्तारी के लिये छापेमारी जारी है। पुलिस पोस्टमार्टम रिपोर्ट समेत अन्य साक्ष्यों के आधार पर मौत के कारणों का पता लगा रही है। उन्होंने बताया कि पुलिस दहेज हत्या सहित लव जिहाद के मामले की भी जांच कर रही है। जबकि अंकिता की पुत्री अपने पिता के घर ही है। अंकिता के परिजन बलिया थाना पहुंचकर पुलिस को कई महत्वपूर्ण जानकारी देते हुये न्याय की गुहार लगाई है।

नम आंखो से मां दुर्गा की प्रतिमा का विसर्जन किया

बछवाड़ा(आससे)। शारदीय दुर्गा पूजा के समापन के बाद शुक्रवार को प्रखंड क्षेत्र में मॉ दुर्गा की प्रतिमाओं का विसर्जन श्रद्धा भक्ति और नम आंखों के बीच किया गया। मॉ की विदाई के समय विभिन्न पूजा स्थलों पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। विसर्जन के दौड़ान जयकारे से वातावरण भक्तिमय बना रहा।

डीएम-एसपी ने बूथों पर मतदान का लिया जायजा

बलिया(आससे)। बिहार विधान परिषद के दरभंगा शिक्षक एवं स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के लिये शुक्रवार को बलिया प्रखंड कार्यालय परिसर स्थित तीन बूथों




पर मतदान शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। मतदान को लेकर सुबह से ही प्रखंड कार्यालय परिसर में गहमागहमी बनी रही। खाशकर स्नातक मतदान केन्द्रों पर दिन भर मतदाताओं की लंबी कतार देखने को मिली। मतदान केंद्रों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये गये थे। मतदान का निरीक्षण करने पहुंचे डीएम रिची पांडेय और एसपी मनीष कुमार ने तीनों बूथों का बारीकी से निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मतदान प्रक्रिया का जायजा लेने के साथ मतदाताओं से भी जानकारी ली। निरीक्षण के बाद पत्रकारों से बातचीत में डीएम ने बताया कि मतदान पूरी तरह शांतिपूर्ण तरीके से चल रहा है। निर्धारित समय पर इसे संपन्न करा लिया जायेगा। प्रशिक्षु आईएएस सह बलिया एसडीओ अजय यादव सहित संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिये. मतदान केंद्रों पर लंबी कतारों को देखते हुए मतदान प्रक्रिया को सुचारु बनाये रखने पर जोर दिया गया। जिससे समय पर ही मतदान संपन्न करा लिये गये। स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के बूथ संख्या ६६ (क) पर कुल ८६६ मतदाताओं में ४६५ ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। जिनमें ३४५ पुरुष और १२० महिला मतदाता शामिल थीं। वहीं बूथ संख्या ६६ पर ६६७ मतदाताओं में ५४७ ने मतदान किया। जिनमें ४०३ पुरुष और १४४ महिलाएं शामिल थीं। दरभंगा शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के बूथ संख्या ६६ पर कुल १०८ मतदाताओं में १०६ ने मतदान किया. जिनमें ७८ पुरुष एवं २८ महिला मतदाता शामिल थी।

मतदान शांति से संपन्न

वीरपुर(आससे)। प्रखंड कार्यालय स्थित दो मतदान केंद्रों पर दरभंगा शिक्षक एवं स्नातक क्षेत्र हेतु चुनाव शुक्रवार को शांतिपूर्वक संपन्न हो गया। स्नातक निर्वाचन क्षेत्र हेतु ८३४ मतदाताओं में से ५४७ ने मतदान किया। जबकि शिक्षक निर्वाचन हेतु कुल ३४ मतदाताओं में से ३४ ने मताधिकार का प्रयोग किया। पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था के बीच शांतिपूर्ण माहौल में मतदान हुआ। डीएम रिची पांडेय, एसपी मनीष, डीडीसी आकाश चौधरी ने मतदान केंद्र का भ्रमण किया।

दो पक्षों में मारपीट, डायल ११२ की टीम ने जख्मी को अस्पताल पहुंचाया

छौड़ाही (आससे)। थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत शाहपुर से आपसी रंजिश में शराबियों के द्वारा घर में घुसकर मारपीट करने का मामला प्रकाश में आया है। घायल महिला पुरुष का इलाज प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र छौराही में चल रहा है। जानकारी देते शाहपुर पंचायत अंतर्गत भेज गांव के वार्ड संख्या आठ निवासी पीड़िता रूणा देवी ने जानकारी देते बताया कि शुक्रवार तकरीबन ६:०० बजे दिन में मैं अपने घर में घर का काम कर रही थी उतने में कृष्ण कुमार पंडित श्रीकृष्णा पंडित दोनों पिता रामचंद्र पंडित ममता देवी पति रामचंद्र पंडित गाली



गलौज करते मेरे घर में जबरन घुस गया। मेरे द्वारा गली नहीं देने को लेकर मना करने पर कृष्ण कुमार के द्वारा सर का बाल पकड़ कर जमीन पर पटक दिया गया। और बेरहमी से मारपीट किया गयाहै। मेरे पति मुझे बचाने आए उनके साथ भी बेरहमी से उक्त तीनों आरोपी मिलकर मारपीट किया है। मेरे गले से ममता देवी सोने का चक्ती छीन लिया है। उन्होंने बताया कि इसकी सूचना ११२ पर दिया मौके पर पुलिस पहुंचकर हमें अस्पताल पहुंचाई है। थाना अध्यक्ष नरेंद्र कुमार ने बताया कि आवेदन मिला है मामले की तफसीस कर कार्रवाई की जा रही है।

विसर्जन के दौरान दो पक्षों में झड़प,चली गोली से दुकानदार घायल

बेगूसराय(आससे)। दुर्गा मूर्ति विसर्जन के दौरान दो पक्षों के बीच हुए विवाद में चली गोली से मेला के एक फुटकर दुकानदार घायल हो गया। घटना गुरूबार की बतायी जाती है। एसपी मनीष ने बताया कि घायल युवक के बयान पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गयी है। अपराधी किसी भी किमत पर बख्शे नहीं जायेंगें। सूचनानुसार घटना लाखों थाना के पनसल्ला गांव की बतायी जाती है।

वर्गीकृत

नाम परिवर्तन

मैं, सुजाता कुमारी, पिता- Nawal Kishor Singh, पता- क्वार्टर संख्या- 16, SNCA रेलवे कॉलोनी, किशनगंज, बिहार की निवासी हूँ। मेरे 10वीं के प्रमाण-पत्र एवं 12वीं की मार्क शीट में मेरे पिता का नाम NAWAL KISHORE SINGH दर्ज है जो की गलत है। सही नाम 'NAWAL KISHOR SINGH' पिता- राम एकवाल सिंह है एवं मेरे आधार एवं पैन कार्ड में दर्ज है। ये दोनों नाम एक ही व्यक्ति के हैं। शपथ-पत्र संख्या 3025 / 18.03.2026

शपथ पत्र

मैं, बिनोद कुमार, पिता-महादेव साह, ग्राम-रेडिया,डाकघर एवं पुलिस थाना-बिक्रमगंज, जिला रोहतास, बिहार, शपथ पत्र संख्या-21035,दिनांक 13.10.2026 के अनुसार यह घोषणा करता हूं कि मेरे आधार कार्ड संख्या 381552374994 में मेरा सही नाम बिनोद कुमार दर्ज है, जबकि मेरी पुत्री सलोनी कुमारी के आधार कार्ड 586446077422 में पिता का सही नाम बिनोद कुमार दर्ज है। लेकिन उसके CBSE बोर्ड की उत्तीर्ण मैट्रिक सहित सभी शैक्षिक प्रमाण पत्र में मेरा नाम बिनोद गुप्ता दर्ज है,जो कि गलत है। अत: मैं शपथ पत्र से घोषणा करता हूं कि मेरी पुत्री के सभी शैक्षणिक प्रमाण पत्र में पिता का नाम बिनोद कुमार दर्ज करने की कृपा करें, जो सही और सत्य है।

9/482/26

Affidavit

I, Ehteshamul Haque Hashmi, aged about 55 years, son of Late Syed Anwarul Haque, resident of vill.+P.O.+P.S.-Daudpur, District-Saran, Bihar-841205, Aadhar No.-559830410485 do hereby solemnly affirm and declare as follows :- 1. That Safa Hashmi is my daughter. 2. That in her Aadhar card her name has been wrongly mentioned as SAF A ENTESHAM. 3. That my daughter correct name is Safa Hashmi. 4. That now my daughter will known as Safa Hashmi for all purposes.vide aff. No.-5466 dated 23.10.26

CM-935

SAVE
Inclusive Growth. Prosperity

सेव हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड

पंजीकृत कार्यालय: यूनिट नं. 761, 7वीं मंजिल, वेगास मॉल, प्लॉट नं. 6, सेक्टर-14, द्वारका, दक्षिण-पश्चिम दिल्ली-110075,
CIN: U65100DL2011PLC214079;
ईमेल आईडी: cs@saveind.in

शाखा स्थानांतरित करने हेतु विज्ञापन

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि मेसर्स सेव हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड (जिसे आगे "कंपनी" कहा जाएगा), जो कंपनी अधिनियम, 1956 के प्रावधानों के अंतर्गत निगमित है तथा राष्ट्रीय आवास बैंक ("NHB") में आवास वित्त कंपनी के रूप में पंजीकरण प्रमाणपत्र संख्या DOR-00098 दिनांक 04 जुलाई, 2023 के माध्यम से पंजीकृत है, अपनी शाखा, जो सेव हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड, श्रीमती शकुंतला देवी, पत्नी श्री ललित प्रसाद, लक्ष्मी निवास, दूसरी मंजिल, क्लब रोड, रामना डाकघर के सामने, पानी टंकी चौक, मुजफ्फरपुर, बिहार-842001 में स्थित है, को 24 जनवरी, 2027 से स्थानांतरित करना चाहती है। एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि हमारी वर्तमान शाखा से संबंधित सभी पत्राचार एवं परिचालन अब निम्नलिखित पते पर स्थित हमारी नई शाखा द्वारा संभाले जाएंगे: सेव हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड, सविता कुमारी, केयर ऑफ स्वर्गीय नलिन रंजन, एनएच-28, आर.के. टॉवर के सामने, बीबीगंज, भरमपुरा रोड, मुजफ्फरपुर, बिहार। सभी खाते एवं संबंधित अभिलेख तदनुसार स्थानांतरित कर दिए जाएंगे।
किसी भी प्रश्न या समस्या के लिए, ग्राहक निम्नलिखित ईमेल पर लिख सकते हैं: • cs@saveind.in

कृते सेव हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड
हस्ता./-
अजीत कुमार सिंह
स्थान: मुजफ्फरपुर, बिहार — निदेशक
दिनांक: 24.10.2026 — DIN: 01857072

पाठकों से

'आज' में छपे किसी भी विज्ञापन के सम्बन्ध में पाठक स्वत: जांच करके कार्य करें। इसके संबंध में कोई भी दावा 'आज' प्रकाशन पर न होगा।

प्रबंधक

जिला पार्षद ने कुमारी कन्या भवन का किया शिलान्यास

बलिया(आससे)। प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत गोखले नगर विष्णुपुर स्थित मनोकामना दुर्गा मंदिर परिसर में ही बेगूसराय जिला परिषद क्षेत्र संख्या ३२ के प्रतिनिधि सह समाजसेवी कार्यकर्ता राजीव कुंवर के द्वारा कन्या कुमारी भवन निर्माण कार्य का नींव वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ दिया गया। जिसकी घोषणा बीते दिनों पूर्व ही ही राजीव कुंवर ने मंच पर फीता काटते हुए घोषणा किया। वहीं स्थानीय



ग्रामीण रामप्रवेश कुंवर, डॉ. अरूण कुंवर कन्हैया कुमार, शिक्षक सैलेन्द्र कुमार ने बताया यह भवन निर्माण होने से लोगों में काफी खुशी का माहौल है। इतना ही नहीं भवन निर्माण कार्य हो जाने के बाद दुर्गा पूजा में कुमारी कन्याओं को देवी रूप में इसी भवन में भोजन कराया जाएगा। वहीं नींव कार्यक्रम के दौरान सैकड़ों श्रद्धालु उपस्थित थे। उपस्थित सभी लोगों ने राजीव कुंवर के इस कार्य को सराहनीय कदम बताया।

AFFIDAVIT

I, hitherto known as Ramaji Yadav (Old Name) Son Baharan Yadav (Father/Husband's name) residing at Vill-Hiranda, P.O-Maniara, Police Station-Kuchaikot, Distt.-Gopalganj, Bihar (Residential Address) have changed my name and shall hereafter be konwn as Ramesh Yadav. (New Name) It is certified that I have complied with name and legal requirements in this connection. Aff No.-146/16.10.26

9/614/26

नाम परिवर्तन

मैं, रीना देवी (Rina Devi) पति श्री अजित कुमार सिंह पता- रोड नं.-7ए, Q. No.-5A, इन्द्रपुरी पो.-केशरीनगर, थाना-पाटलीपुत्रा पटना (बिहार)-800024 द्वारा घोषणा करती हूं कि मेरे पति अजित कुमार सिंह के सर्विस रेकार्ड एवं पेंशन बुक में मेरा सही नाम रीना देवी (Rina Devi) अंकित है। परन्तु मेरे आधार सं. 861155874234 में हिन्दी अक्षर में रीना देवी एवं अंग्रेजी शब्द में Reena Devi अंकित हो गया है। शपथ पत्र सं.-12367 दिनांक 12.10.26 के आलोक में मैं रीना देवी (Rina Devi) के नाम से ही जानी व पहचानी जाऊंगी, जो सभी कार्य में मान्य होगा।

रसीद सं. 927

Name Change

I, Rina Devi W/o Ajit Kumar Singh R/o Road No.-7A, Q. No.-5A, Indrapuri, P.O.-Keshrinagar P.S.-Patliputra, Patna-800024 (Bihar) vide Affidavit No.-12367 dated 12.10.2026 declare that my name is wrongly mentioned in my Aadhar No.-861155874234 as Reena Devi. That my correct name is Rina Devi which is mention in my Husband's service record and Pension book. From now I will be known as Rina Devi for all purposes.

CM-927

शपथ-पत्र

मैं मुखदेव राय उर्फ भुखदेव राय पिता काली राय उर्फ कल्यानचन्द्र राय ग्राम-गांग सरगटी पो.-साधपुर जिला-सारण का स्थायी निवासी हूं, शपथपूर्वक बयान करता हूं कि मेरे नाम से एलआईसी में एक पॉलिसी है जिसका पॉलिसी सं. 535427618 है जिसमें मेरा नाम मुखदेव राय पिता का नाम काली राय दर्ज हैं। जबकि मेरा आधार सं.-**** 5580 एवं बैंक खाता मे मेरा नाम भुखदेव राय तथा पिता का नाम कल्यानचन्द्र राय दर्ज हैं। मैं तथा मेरे पिता उपरोक्त दोनों नामों से जाने व पहचाने जाते हैं। 31236/15-10-26

9/509/26

शपथ-पत्र

मैं, रुस्तम अली, पिता स्व. लाल मोहम्मद, निवासी रामलीला मठिया, पो.वो थाना भगवान बाजार, जिला- सारण, बिहार-841301, शपथ पूर्वक घोषणा करता हूं कि मेरी नाबालिग पुत्री के आधार संख्या 7933 4077 8559 मे उसका नाम अफसा अली (AFSA ALI) एवं जन्मतिथि 22.02.2010 दर्ज है, जो गलत हैं मेरी पुत्री का सही नाम अक्सा अली (AQSA ALI) एवं सही जन्मतिथि 22.02.2012 है। अत: मेरी नाबालिग पुत्री को भविष्य में अक्सा अली (AQSA ALI) के नाम से जाना जाएगा तथा उसकी सही जन्मतिथि 22.02.2012 होगी। शपथ-पत्र संख्या-30649, दिनांक-07.10.2026

9/509/26

SAVE

सेव फाइनेंशियल सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड
पंजीकृत कार्यालय: यूनिट नंबर 782, 7वीं मंजिल, वेगास मॉल, प्लॉट नंबर 6, सेक्टर-14, द्वारका, दक्षिण पश्चिम दिल्ली-110075.
सीआईएन: U67110DL1995PTC379505
ई-मेल: cs@saveind.in

शाखा स्थानांतरण का विज्ञापन

यह सूचित किया जाता है कि मैसर्स सेव फाइनेंशियल सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड (जिसे इसके बाद "कंपनी" के रूप में संदर्भित) (कंपनी अधिनियम, 1956 के नियमों के तहत शामिल और भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) के साथ जमाराशि स्वीकार न करने वाली एनबीएफसी के रूप में पंजीकरण प्रमाणपत्र संख्या: बी-14.03557 दिनांक 23 सितंबर, 2021) के अनुसार पंजीकृत है श्रीमती शकुंतला देवी पत्नी श्री ललित प्रसाद, लक्ष्मी निवास, दूसरी मंज़िल, क्लब रोड, रमना पोस्ट ऑफिस के सामने, पानी टंकी चौक, मुजफ्फरपुर, बिहार-842001 में स्थित अपनी शाखा को 24 जनवरी 2027 से स्थानांतरित करना चाहता है।
आपको यह सूचित किया जाता है कि हमारी वर्तमान शाखा से सभी संचार और संचालन अब नीचे दिए गए पते पर स्थित हमारी नई शाखा द्वारा संचालित की जाएगी:- सेव फाइनेंशियल सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड, सविता कुमारी सी/ओ स्वर्गीय नलिन रंजन, एनएच-28, आरके टावर के सामने, बीबीगंज, भरमपुरा रोड, मुजफ्फरपुर, बिहार-842001. सभी खाते और संबंधित अभिलेख तदनुसार स्थानांतरित किए जाएंगे।
किसी भी सवाल या परेशानी के लिए ग्राहक इस पते पर लिख सकते है: Email: cs@saveind.in

सेव फाइनेंशियल सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड के लिए
हस्ताक्षर/-
अजीत कुमार सिंह
निदेशक
स्थान: मुजफ्फरपुर, बिहार
दिनांक: 23-10-2026 — डीआईएन: 01857072

स्नातक-शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र का चुनाव शांति से संपन्न

छौड़ाही(आससे)। बिहार विधान परिषद के दरभंगा स्नातक और शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के लिए छौड़ाही प्रखंड मुख्यालय में शुक्रवार को सुबह ८ बजे से मतदान आरंभ हुआ। मतदान शुरू होते ही मतदान केंद्रों पर मतदाताओं की लंबी कतार देखने को मिली। मतदाता उत्साह के साथ लोकतंत्र के इस पर्व में शामिल होने पहुंचे थे। प्रशासन की ओर से मतदान को निष्पक्ष और शांतिपूर्ण संपन्न कराने के लिए सारे इंतजाम किए गए थे। मतदान केंद्र के आसपास धारा १६३ के तहत निषेधाज्ञा लागू की गई थी, ताकि किसी प्रकार की गड़बड़ी न हो।



सबसे सख्त नियम मोबाइल को लेकर था। प्रशासन ने स्पष्ट रूप से वोटिंग रूम के अंदर मोबाइल फोन ले जाने पर पूरी तरह रोक लगा रखी थी। हर मतदाता को अपना फोन बाहर जमा कर या परिजनों के पास रखकर ही अंदर प्रवेश दिया जा रहा था, ताकि मतदान की गोपनीयता बनी रहे। लेकिन प्रशासन की इस सख्ती के बावजूद प्रत्याशियों ने प्रचार के लिए नया तरीका निकाल लिया और आदर्श आचार संहिता की धज्जियां उड़ती नजर आई। सुबह ८ बजे जैसे ही मतदान शुरू हुआ, वैसे ही मतदाताओं के मोबाइल फोन पर आईवीआर कॉल के जरिए प्रचार का दौर भी शुरू हो गया। मतदाताओं ने बताया कि वोटिंग रूम में जाने से ठीक पहले और वोट देकर जैसे ही वे बाहर निकलकर अपना मोबाइल हाथ में ले रहे थे, फिर से आईवीआर कॉल बज उठता था। फोन उठाते ही दूसरी तरफ से कोई व्यक्ति नहीं, बल्कि रिकॉर्डेड आवाज में प्रत्याशी विशेष के पक्ष में मतदान करने की अपील सुनाई दे रही थी। कई मतदाताओं ने बताया कि सुबह से दोपहर तक उनके नंबर पर ३ से ४ बार इसी तरह के कॉल आ चुके हैं। इस दौरान कुछ मतदाताओं ने फोन कॉल उठाया तो किसी ने आईवीआर की आवाज सुनकर कॉल काट दिया।

बेगूसराय में स्नातक व शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र का मतदान संपन्न

बेगूसराय शि०प्र० (आससे)। दरभंगा स्नातक एवं शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के चुनाव को लेकर बेगूसराय जिले में मतदान प्रक्रिया शुरू हुई। मतदान सुबह आठ बजे से शाम चार बजे तक निर्धारित था। जिले में स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के लिए कुल ५६ मतदान केंद्र बनाए गए थे, जबकि शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के लिए २० मतदान केंद्र निर्धारित किए गए थे। स्नातक निर्वाचन क्षेत्र में कुल २६,२०५ मतदाता पंजीकृत हैं, जबकि शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र में २,०४७ मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए पंजीकृत हैं।




सुबह मतदान शुरू होने के शुरुआती दौर में मतदान की गति धीमी रही। हालांकि, समय बीतने के साथ मतदान ने रफ्तार पकड़ी। स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के मतदान केंद्रों पर मतदाताओं की लंबी कतारें देखने को मिलीं, जबकि शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के केंद्रों पर अपेक्षाकृत कम भीड़ नजर आई। मतदाता कतार में लगकर अपनी बारी का इंतजार करते हुए मतदान करते दिखे। ४२ इंच के शिक्षक गौतम कुमार रहे चर्चा में मतदान के दौरान करीब ४२ इंच के छोटे कद के शिक्षक गौतम कुमार आकर्षण का केंद्र बने रहे। उनकी मौजूदगी को लेकर मतदान केंद्रों पर चर्चा होती रही। वहीं, जिला प्रशासन की ओर से दिव्यांग एवं जरूरतमंद मतदाताओं की सुविधा के लिए व्हीलचेयर की व्यवस्था की गई थी। मतदान केंद्रों पर मोबाइल फोन रखने की व्यवस्था के साथ मेडिकल टीम और दवाइयों का भी इंतजाम किया गया था, ताकि जरूरत पड़ने पर मतदाताओं को तत्काल चिकित्सा सहायता मिल सके। मतदान को शांतिपूर्ण और निष्पक्ष तरीके से संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन की ओर से सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। जिला पदाधिकारी रिची पांडेय और पुलिस अधीक्षक मनीष ने विभिन्न मतदान केंद्रों का जायजा लिया तथा व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। मतदान के दौरान एनडीए प्रत्याशी सर्वेश कुमार, कांग्रेस की पूर्व विधायक अमिता भूषण सहित अधिवक्ताओं और डॉक्टरों ने भी अपने मताधिकार का प्रयोग किया। जिले में मतदान को लेकर प्रशासन सतर्क रहा। मतदान केंद्रों पर सुरक्षा, चिकित्सा सुविधा और मतदाताओं की सहूलियत को ध्यान में रखते हुए आवश्यक व्यवस्थाएं की गई थीं।

स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के कुल ८६१ मतदाताओं में ५४४ तथा शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के ४१ में ३६ ने मतदान किया

छौड़ाही (आससे)। बिहार विधान परिषद के दरभंगा स्नातक एवं शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के लिए छौड़ाही प्रखंड मुख्यालय में शुक्रवार को दो बूथों पर भारी सुरक्षा व्यवस्था के बीच शांतिपूर्ण चुनाव संपन्न हो गया। इसी के साथ विधान परिषद बनने की रेस में खड़े प्रत्याशियों का भाग्य मतपेटी में बंद हो गया। प्रशासन ने प्रखंड कार्यालय परिसर में दो मतदान केंद्र बनाए थे। बूथ संख्या ८८ शिक्षक निर्वाचन के लिए और बूथ संख्या ६१ स्नातक निर्वाचन के लिए आरक्षित था। दोनों बूथों पर सुबह ८ बजे से शाम ४ बजे तक मतदान चला। पूरी चुनाव प्रक्रिया जोनल दंडाधिकारी सह डीसीएलआर तेघड़ा की निगरानी में संपन्न हुई। दोनों बूथों पर दंडाधिकारी, पीठासीन पदाधिकारी और सशस्त्र पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति की गई थी। मतदान केंद्रों के १०० मीटर के दायरे में धारा १६३ के तहत निषेधाज्ञा लागू रही। जानकारी के मुताबिक दोनों बूथों को मिलाकर कुल ६०२ महिला-पुरुष मतदाता सूचीबद्ध थे, जिसमें से ५८३ ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। बूथ संख्या ६१ पर स्नातक निर्वाचन के कुल ८६१ मतदाताओं में से ५४४ महिला-पुरुष वोटरों ने मतदान किया, जबकि बूथ संख्या ८८ पर शिक्षक निर्वाचन में अधिक उत्साह दिखा और ४१ में से ३६ वोटरों ने वोट डाला। मतदान के दौरान छौड़ाही प्रखंड मुख्यालय के बाहर दिनभर गहमागहमी बनी रही। प्रत्याशियों के समर्थकों ने दोनों बूथों से थोड़ी दूरी पर अलग-अलग जगह जमावड़ा लगा रखा था। मौके पर पीठासीन पदाधिकारी के तौर पर शाम्हो के राजस्व अधिकारी इनामुर रहमान दानिश, बछवाड़ा के बीपीआरओ विश्वनाथ कुमार, पुअनि राकेश कुमार, पुअनि रौशन प्रसाद समेत सशस्त्र बल मुस्तैदी से तैनात रहे।मतदान समाप्त होने के बाद दोनों बूथों की मतपेटिकाओं को सील कर कड़ी सुरक्षा के बीच वज्रगृह भेज दिया गया।

महेन्द्रपुर के शिवचन्द्र सिंह गाड़ीवान के निधन से भाकपाइयों में शोक की लहर

मटिहानी (आससे)। भाकपा के पुराने नेता महेन्द्रपुर निवासी शिवचन्द्र सिंह (गाड़ीवान) के निधन की खबर से भाकपाईयों में शोक की लहर व्याप्त हो गयी। वे पिछले कुछ दिनों से उम्रजनित बीमारी से ग्रसित थे। सूचनानुसार कई वर्षो तक महेन्द्रपुर भाकपा के शाखा मंत्री रहे शिवचन्द्र सिंह देहांत का खबर सुनते ही भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के शाखा, आंचल, जिला नेतृत्व में शोक की लहर दौड़ गई सोका कुल परिवार को सांत्वना ढाढस देने एवं मृत कामरेड शिवचंद सिंह को झंडा देकर और उन पर पुष्पमाला चढ़कर जिला, आंचल, शाखा के साथियों ने अंतिम विदाई दी। भाकपा नेता कामरेड शिवचंद सिंह के अंतिम विदाई शव यात्रा के मौके पर झंडा देने



के लिए पहुंचे भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राज्य परिषद सदस्य सह जिला सचिव मंडल सदस्य राजेंद्र चौधरी, जिला कार्यकारी सह मटिहानी अंचल के प्रभारी राज किशोर सिंह, पार्टी के जिला परिषद सदस्य राम राघवेंद्र देव उर्फ मुंडन जी शोभा पासवान जिला परिषद सदस्य सह अंचल मंत्री राम आधार कुमार, अनिल कुमार अंजान, अमोद कुमार, गोवर्धन तांती, रविंद्र कुमार सिंह रविण, नरेश यादव ,मोहम्मद इजराफिल, अगम कुमार, कृष्णानंद पोद्दार अर्जुन सिंह दिवाकर सिंह, राम उदय पासवान पूर्व शिक्षक सहित मटिहानी के पूर्व विधायक राजेंद्र राजन, विजय कृष्ण कुमार उर्फ पप्पू एवं कई गणमान्य लोगों ने उपस्थित होकर पुष्पमाला चढ़कर अंतिम विदाई देते हुए अंतिम यात्रा सब यात्रा में शामिल होकर उनके कीर्ति को याद करते हुए परिवार को ढांढस सांत्वना देने का काम किया।

दुर्गा प्रतिमा के शांतिपूर्ण विसर्जन से प्रशासन ने राहत की सांस ली

बरौनी (आससे)। बरौनी नगर परिषद क्षेत्र के बारो बाजार स्थित माता दुर्गा की प्रतिमा विसर्जन शुक्रवार की शाम काफी धूमधाम से किया गया। महिलाओं सहित श्रद्धालुओं की भीड़ विसर्जन के लिए जाती माता की अंतिम दर्शन के लिए उमड़ पड़ी। इस मौके पर तेघड़ा अनुमंडल और बेगूसराय अनुमंडल से जुड़े बड़ी संख्या में पुलिस बल भी मौजूद रहे। इसकी शोभा यात्रा निकालने और पूजा व्यवस्था का जायजा लेने गुरुवार की देर शाम जिला पदाधिकारी बेगूसराय रिची पांडेय एवं पुलिस अधीक्षक मनीष पहुंचे थे। उन्होंने बारो दुर्गा स्थान के वार्ड संख्या १५ एवं २६ में स्थापित दुर्गा पूजा पंडालों का संयुक्त रूप से निरीक्षण किया था। ये बरौनी और बीहट नगर परिषद क्षेत्र से जुड़े अलग अलग बारों के पूजा मंडप हैं।



स्थानीय लोगों से यहां की भौगोलिक और पूर्व पृष्ठभूमि की जानकारी अधिकारियों को दी लोगों ने बताया कि परंपरागत तरीके से पुलिस प्रशासन के गाइडलाइन में प्रतिमा विसर्जन किया जाना है। इस मौके पर समाजसेवी प्रमोद सिंह, सत्यम कुमार,विष्णु कुमार,विशाल कुमार,मो जफर आलम,वार्ड पार्षद दिलशाद, अशोक ठाकुर,मो सादाब,मो फहद समेत बड़ी संख्या में पूजा समिति के कार्यकर्ता मौजूद थे। बताया जाता है कि एक दशक पूर्व स्थानीय स्तर पर सौहार्द बिगड़ने के कारण शांति भंग हुई थी। खूब विवाद हुआ था।इस कारण यह क्षेत्र अतिसंवेदनशील घोषित हो गई। थी। बीते कई वर्षों से दोनों समुदाय के लोग काफी शांति और सौहार्द वातावरण में सभी धार्मिक पर्वों सहित प्रतिमा विसर्जन उत्सवी माहौल में कराते हैं।